मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 10 मार्च 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	10-03-14	11-03-14	12-03-15	13-03-15	14-03-15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	1	1
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	28	29	30	31	31
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	11	12	13	14	15
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	0	2	3	5	4
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	57	54	64	78	82
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	8	11	11	17	28
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	12	10	14	12	12
हवा की दिशा	उत्तर–पूर्व	उत्तर–पूर्व	पूर्व	दक्षिण–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

सरसों, गेहूँ व जीरे की फसल पक गई हो तो कटाई करें व दाना निकाल कर सुरक्षित स्थान पर रखें।

गेहूँ की फसल में मोयला/चेपा कीट के नियंत्रण के लिए मोनोक्रोटोफास 1 लीटर या मैलाथियान 1 लीटर दवा प्रति हैक्टर की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

कुष्माण्ड कुल की अगेती ग्रीष्मकालीन सब्जियों लौकी, कद्दू, तुरई, खीरा, करेला, काचरा, ककड़ी में सिंचाई प्रबन्ध पर उचित ध्यान दें।

भिण्डी में हरा तेला, मोयला व सफेद मक्खी के नियंत्रण हेतु मैलाथियॉन 50 ई.सी. एक मि.ली दवा प्रति लीटर पानी की दर से घोल बनाकर छिड़काव करें।

ब्याने वाले पशुओं को मिल्क फीवर से बचाने के लिए 50 से 60 ग्राम खनिज मिश्रण प्रति दिन दें। पशु ब्याने के 1–2 घन्टे के अन्दर नवजात बछडे–बछडियों को खीस अवस्य पिलाएं।